**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1421**
**13 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**आंध्र प्रदेश में अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाएं**

**1421. डॉ. सी. एम. रमेशः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आन्ध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में अमृत 2.0 के अंतर्गत कितनी परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं;

(ख) स्वीकृत परियोजनाओं, प्रदान की गई निविदाओं और पूरी की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रत्येक स्वीकृत परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) अमृत 2.0 के अंतर्गत सभी परियोजनाएं कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (घ): अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) 2.0 को 01 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। अमृत 2.0 के तहत, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में 24.85 करोड़ रु. (संचालन और रखरखाव लागत सहित) की 5 परियोजनाओं को अनुमोदित किया है। जिसमें 22.56 करोड़ रुपये की लागत वाली 3 जलापूर्ति परियोजनाएं और 2.29 करोड़ रुपये की लागत वाली 2 जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-। में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 3 परियोजनाओं के लिए ठेके दिए जा चुके हैं तथा अन्य 2 परियोजनाओं के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) जारी की जा चुकी है। 2 जलाशय पुनरुद्धार परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं तथा शेष 3 जलापूर्ति परियोजनाओं के पूरा होने की अनुमानित तिथि सितंबर, 2026 है।

**"आंध्र प्रदेश में अमृत 2.0 के अंतर्गत परियोजनाएं" के संबंध में 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1421 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| **क्र. सं.** | **यूएलबी का नाम** | **क्षेत्र** | **परियोजना का नाम** | **स्थिति** | **लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नरसीपटनम | जलापूर्ति | विशाखापत्तनम जिले के नरसीपटनम में जल आपूर्ति सुविधाएं उपलब्ध कराना | ठेके दिए जा चुके है | 9.14 |
| 2 | नरसीपटनम | जलापूर्ति | नरसीपटनम नगर पालिका में कमजोर श्रेणी हेतु आवासीय कॉलोनियों के लिए बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना। | एनआईटी जारी की जा चुकी है | 6.12 |
| 3 | येलामंचिली | जलापूर्ति | येलामंचिली नगर पालिका में कमजोर श्रेणी हेतु आवासीय कॉलोनियों के लिए बुनियादी ढांचा सुविधाएं प्रदान करना | एनआईटी जारी की जा चुकी है | 7.30 |
| 4 | येलामंचिली | जलाशय पुनरुद्धार | येलामंचिली नगरपालिका में कोम्माईगुंडम जलाशय का पुनरुद्धार | परियोजना पूर्ण हो चुकी है | 0.90 |
| 5 | नरसीपटनम | जलाशय पुनरुद्धार | नरसीपट्टनम नगर पालिका में जलाशय का पुनरुद्धार | परियोजना पूर्ण हो चुकी है | 1.39 |